दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 27 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 300

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दर्दनाक हादसा: दो बसों के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर, 16 यात्रियों की मौत- 48 घायल

**बमाको ।** मध्य माली में दो बसों के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य घायल हो गए, जिनमें छह की हालत गंभीर है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। मालियन परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दुर्घटना मध्य माली के ओउआन में राष्ट्रीय सडक़ संख्या 6 पर स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8.30 बजे हुई, जिससे महत्वपूर्ण क्षति हुई। विज्ञप्ति में कहा गया कि दुर्घटना में एक ड्राइवर की भी मौत हो गई। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दुर्घटना के संभावित कारण अत्यधिक गति और लापरवाही से गाड़ी चलाना था और वास्तविक परिस्थितियों को स्पष्ट करने के लिए जांच चल रही है।

### गन पॉइंट पर एक्सिस बैंक से 6.70 लाख की लूट, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए बदमाश

**रोहतक (आरएनएस)।** हरियाणा के रोहतक में गुरुवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब चार बदमाशों ने गन पॉइंट पर एक्सिस बैंक से 6.70 लाख रुपए लूट लिए। यह सनसनीखेज वारदात शाम 4 बजकर 57 मिनट पर हुई, जिसकी सीसीटीवी फुटेज अब सामने आई है। सीसीटीवी फुटेज में दिखाया गया है कि 25 जुलाई की शाम 4:57:22 बजे चार बदमाश बैंक में दाखिल होते हैं। बदमाशों ने बैंक में प्रवेश करते ही कर्मचारियों को हथियारों के बल पर डराना शुरू कर दिया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और महज 170 सेकेंड में 6.70 लाख रुपए लेकर फरार हो गए। 5:00:12 बजे वे बैंक से बाहर निकलते हुए दिखाई देते हैं। बदमाशों ने न केवल बैंक में लूटपाट की, बल्कि बैंक मैनेजर के साथ बर्बरता भी की। उन्होंने मैनेजर को बुरी तरह से पीटा और उसे बाथरूम में बंद कर दिया। जाते-जाते बदमाश मैनेजर का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए। बदमाशों के फरार होने के बाद पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस अब इस मामले की गहन जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। इस घटना ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

### अयोध्या में छात्र ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या, परिजनों ने किया रोड जाम

**अयोध्या (आरएनएस)।** शहर के हैदरगंज रेलवे क्रॉसिंग पर मोहम्मद अहमद नामक छात्र की ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने की घटना से हडक़ंप मच गया। घटना के विरोध में परिजनों ने छात्र का शव रखकर रामनगर घोसीयाना रोड को जाम कर दिया। मोहम्मद अहमद के परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी आत्महत्या के लिए अब्दुल कलाम और अब्दुल सलाम जिम्मेदार हैं। उन्होंने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मुकदमा कोतवाली नगर में दर्ज कराया है। परिजनों का कहना है कि मोहम्मद अहमद डिप्रेशन में चल रहा था और उसके और अब्दुल कलाम के बीच विवाद चल रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास किए। मामले की जांच जारी है और पुलिस ने सभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बीजेपी नेता और पूर्व एमपी प्रभात झा का निधन, 67 साल की उम्र में मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन हो गया है। वह मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रहे थे और पार्टी के राज्यसभा सांसद भी रहे। उन्होंने गुरुवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके दो बेटे हैं। वह मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी जिला के कोरियाही गांव के रहने वाले हैं। प्रभात झा को भाजपा के उन नेताओं में शुमार किया जाता था, जिनकी बौद्धिक जगत में साख रही है। वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे थे। भाजपा के प्रवक्ता हितेश बाजपेयी ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्हें जून के आखिर में ही एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में एडमिट कराया गया था। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और प्रदेश भाजपा के महासचिव हितानंद शर्मा उनका हाल जानने भोपाल के अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो गुरुग्राम लाया गया था।

## पठानकोट में फिर संदिग्ध आतंकी देखें जाने के बाद दहशत, जम्मू में हाई अलर्ट, आर्मी स्कूल किए गए बंद

**श्रीनगर । आरएनएस**



पंजाब के पठानकोट में कुछ संदिग्ध देखे गए हैं, जिसकों लेकर इलाके में सर्च आप्रेशन किया जा रहा है। वहीं जम्मू इलाके में सेना हाई अलर्ट पर है और यहां पूरी तरह से चौकसी बरती जा रही है।

दरअसल, पंजाब के पठानकोट जिले में कुछ संदिग्ध देखे गए हैं। एक महिला की ओर से सेना को यह सूचना दी गई जिसे गंभीरता से लेते हुए जम्मू में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। वहीं एहतियात के तौर पर जम्मू में आर्मी स्कूल शनिवार तक बंद कर दिए गए हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिहाज से कई सारे कदम उठाए जा रहे हैं। सेना और रक्षा प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए गए हैं। इसके अलावा, पंजाब पुलिस ने एक संदिग्ध का स्केच भी जारी किया है जिसके बारे में किसी भी तरह की सूचना मांगी गई है।

वहीं, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ के प्रयास जारी हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा बल भूमिगत और सीमा पार सुरंगों का पता लगाने में जुटे हैं। इसके लिए सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अभियान शुरू किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विशेष उपकरणों से लैस बड़ी संख्या में पुलिस और सुरक्षाकर्मी इस काम में लगे हैं। इसके तहत सीमावर्ती क्षेत्रों की बारीकी से जांच की जा रही है। साथ ही, घनी झाडिय़ों और जंगली इलाकों पर अधिक फोकस किया जा रहा है।

### 50 से 60 आतंकियों की जम्मू में घुसपैठ

अभियान में शामिल पुलिस अधिकारी ने बताया, 'सीमा पार किसी भी सुरंग की मौजूदगी का पता लगाने के लिए व्यापक सुरंग-रोधी कवायद शुरू की गई है।' उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान में ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। संभावित आतंकवादी घुसपैठ से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के जवाब में यह अभियान प्रतिदिन चलाया जा रहा है।' उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल सुरंगों की आशंका को खत्म करने के लिए घने झाड़ीदार इलाकों को साफ कर रहे हैं। पुलिस ने हाल में कहा था कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी अंतरराष्ट्रीय सीमा के रास्ते जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कर चुके हैं। इस क्षेत्र में आतंकवादी हमलों में शामिल रहे हैं। रिपोर्ट से यह भी संकेत मिलता है कि पिछले कुछ महीनों में 50 से 60 विदेशी आतंकवादी अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के रास्ते जम्मू में घुसपैठ कर चुके हैं।

## बड़ा हादसा: चलती ट्रेन से नीचे गिरे गेट पर बैठे यात्री, 2 की मौत, तीन घायल



**सागर । आरएनएस**

मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना के पास चलती ट्रेन में हादसा हो गया। जहां दो युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। जिससे उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रेन में वेंडर के हाथ से गर्म चाय का थर्मस छूट गया। जिसके चलते यह हादसा हुआ। वहीं इस घटना में तीन अन्य व्यक्ति घायल हुए है।

यह पूरा मामला बीना के नजदीक करौंदा मुहासा रेलवे स्टेशन के पास है। मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह 7 बजे गोरखपुर से पुणे की ओर जाने वाली ट्रेन क्रमांक 15029 में वेंडर के हाथ से गर्म चाय का थर्मस उलट जाने के कारण अफरा तफरी मच गई। गेट पर बैठे दो यात्री चलती ट्रेन से नीचे गिर गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना में अन्य तीन लोग गर्म चाय से बुरी तरह झुलस गए। सूचना पर जीआरपी पुलिस बीना मौके पर पहुंची। फिलहल पूरे मामले की जांच की जा रही है। घायलों को इलाज के लिए बीना सिविल अस्पताल भेजा गयाहै। जिनमें से एक मरीज की हालत गंभीर होने के कारण उसे सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति पर 10 लाख डॉलर की लॉटरी टिकट चोरी का आरोप

**न्यूयॉर्क**

एक भारतीय मूल के व्यक्ति पर न्यूयॉर्क में 10 लाख डॉलर के जीते हुए लॉटरी टिकट को जालसाजी से हड़पने का आरोप है। रदरफोर्ड काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि मीर पटेल (23) को सोमवार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। टिकट खरीदने वाले को उसके जीतने की जानकारी दे दी गई है। लॉटरी टिकट की कथित तौर पर चोरी टेनसी स्टेट के मुर्फ्रीसबोरो में पेट्रोल पंप में हुई थी, जहां पटेल काम करता था।

जब लॉटरी टिकट खरीदने वाले व्यक्ति ने उससे स्कैन करके यह जांचने के लिए कहा कि कुछ जीता है या नहीं, तो उसने कथित तौर पर कहा कि बहुत कम राशि जीती है। जिसके बाद उसने ग्राहक को कम राशि दे दी और और कूड़े में फेंक दिया।

रिपोर्ट के अनुसार, जब वह व्यक्ति स्टोर से चला गया तो पटेल ने लॉटरी के टिकट को कूड़ेदान से बाहर निकाला। छिपे हुए हिस्से को खरोंच कर टिकट पर लिखी जीत की राशि ढूंढी और उसे लॉटरी दफ्तर ले गया लेकिन कर्मचारियों को कुछ संदेह हुआ।

जांचकर्ता विक डोनोहो के अनुसार, लॉटरी के जांचकर्ताओं ने पेट्रोल पंप के कैमरों में लगे वीडियो फुटेज लिए। जिसमें दिखाया गया है कि वह कूड़ेदान से टिकट उठाता है और टिकट के सामने वाले हिस्से को खरोंचने के बाद स्टोर में जश्न मनाता है। दरअसल, उसमें 10 लाख डॉलर का इनाम था और वह इस खुशी में जश्न मना रहा था।

इसके बाद शेरिफ कार्यालय को सूचित किया गया और पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, क्रेग और डोनोहो ने खरीदार की पहचान करने के लिए स्टोर के वीडियो देखे और उसे लॉटरी की राशि जीतने के बारे में बताया।

## बंगाल नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई ने की 1,814 अवैध भर्तियों की पहचान

**कोलकाता । आरएनएस**



पश्चिम बंगाल नगरपालिका नौकरी घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल की 15 विभिन्न नगर पालिकाओं में 1,814 अवैध भर्तियों की पहचान की है।ये सभी भर्तियां 2014 से आउटसोर्स की गई एजेंसी एबीएस इन्फोजोन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से की गई थीं, जिसका स्वामित्व निजी प्रमोटर अयान सिल के पास है। वह स्कूल की नौकरी के लिए करोड़ों रुपये की नकदी मामले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में है।

सूत्रों ने बताया कि राज्य में कुल 17 नगर पालिकाएं सीबीआई जांच के दायरे में हैं और केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने 15 शहरी नगर निकायों में अवैध भर्तियों की पहचान की है। उत्तर 24 परगना जिले में पानीहाटी और टाकी नगरपालिकाओं में सीबीआई अवैध भर्ती के एक भी मामले का पता नहीं लगा पाई है।

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने हाल ही में कोलकाता की एक विशेष अदालत में इस संबंध में ब्यौरा प्रस्तुत किया है। सूत्रों ने बताया कि 15 नगर पालिकाओं में से अनियमित भर्तियों की संख्या दक्षिण दमदम नगर पालिका में सबसे अधिक रही। यहां से 329 भर्तियां की गईं। इसके अलावा उत्तर 24 परगना जिले के कामराहाटी, बारानगर और टीटागढ़ में भी सबसे ज्यादा भर्तियां की गई हैं।

जांच से पता चला कि कई नगर पालिकाओं में विभिन्न पदों के लिए नकदी लेकर भर्तियां की गईं, जिनमें चिकित्सा अधिकारी, वार्ड मास्टर, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर और सफाई सहायक आदि शामिल थे।

हाल ही में सीबीआई ने अपनी जांच के दौरान तीसरे पक्ष का भी खुलासा किया है, जिसमें कम से कम 25 बैंक खातों का पता लगाया गया है। इन सभी खातों का इस्तेमाल गलत तरीके से अर्जित आय को रखने के लिए किया गया था। इन बैंक खातों की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि इन खातों में मोटी राशि जमा की गई, बाद में जिन्हें निकाल लिया गया।

हाल ही में सीबीआई के वकील ने विशेष अदालत को बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने नगर निगमों में भर्ती मामले की जांच करते हुए 42 स्थानों पर छापेमारी की थी, जहां से उन्होंने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए थे।

### सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार का जवाब

## 'शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा के लिए नेमप्लेट लगाने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली । आरएनएस**



उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए नेमप्लेट लगाने का निर्देश जारी किया गया था। राज्य सरकार ने कहा कि निर्देश जारी करने के पीछे का मकसद कांवडिय़ों की यात्रा के दौरान उनके भोजन को लेकर सूचित विकल्प पेश करना था, ताकि उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

सहारनपुर के संभागीय आयुक्त द्वारा शपथ-पत्र में कहा गया है, कांवडिय़ों को परोसे जाने वाले भोजन के बारे में छोटी-छोटी भ्रांतियां भी उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती हैं और खासकर मुजफ्फरनगर जैसे सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में तनाव पैदा कर सकती हैं।

यूपी सरकार ने कहा है कि यह निर्देश 2 सप्ताह से भी कम अवधि के लिए कांवड़ यात्रा मार्ग तक ही सीमित था, केवल कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण समापन को सुनिश्चित करने के लिए। सालाना 4.07 करोड़ से अधिक कांवड़िए ये यात्रा करते हैं।

यूपी सरकार ने अपने जवाब मे कहा है कि राज्य द्वारा जारी निर्देश दुकानों और भोजनालयों के नामों से होने वाले भ्रम के बारे में कांवडिय़ों की ओर से मिली शिकायतों के बाद किए गए थे। शिकायतें मिलने पर ही पुलिस अधिकारियों ने कांवडिय़ों की चिंताओं को दूर करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की।

यूपी सरकार ने कहा है कि राज्य ने खाद्य विक्रेताओं के व्यापार या व्यवसाय पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और वे अपना व्यवसाय सामान्य रूप से कर सकते हैं। मालिकों के नाम और पहचान प्रदर्शित करने की आवश्यकता पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कांवडिय़ों के बीच किसी भी भ्रम से बचने के लिए किया गया है।

राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार, राज्यों में सभी खाद्य दुकानों, भोजनालयों और फूड जॉइंट्स को मालिकों/प्रोपराइटरों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने वाली नेमप्लेट लगानी होगी। ऐसा श्रावण मास में कांवड़ यात्रा करने वाले हिंदू श्रद्धालुओं की आस्था की पवित्रता को बनाए रखने के लिए किया गया।

सावन का महीना सोमवार से शुरू हो गया। इस दौरान भक्त और श्रद्धालु कांवड़ लेकर भोले शंकर को जल चढ़ाने के लिए कई किलोमीटर की यात्रा करते हैं। इसी यात्रा के दौरान कई दुकानों और ढाबों से वो खाने का सामान व अन्य चीजें खरीदते हैं। यूपी सरकार ने सबसे पहले आदेश जारी कर इन दुकानों पर मालिकों का नाम लिखने का आदेश जारी किया था, ताकि श्रद्धालु अपनी पसंद की दुकान से सामान खरीद सकें। उसके बाद ऐसा ही आदेश उत्तराखंड सरकार ने भी जारी किया।

## तनिष्क शोरूम से बीस मिनट में 20 करोड़ की लूट, कस्टमर बनकर आए लुटेरों ने दिया वारदात को अंजाम

**पूर्णिया । आरएनएस**

बिहार के पूर्णिया में 20 करोड़ की लूट का मामला सामने आया है। यह सुबह कस्टमर बनकर दुकान में दाखिल हुए लुटेरे 20 करोड़ से ज्यादा की ज्वेलरी ले गए। इसमें 10 करोड़ रुपए से अधिक हीरे के गहने हैं। बाकी सोने की ज्वेलरी बताई जा रही है। इस लूटपाट में छह अपराधी शामिल है जो बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। सभी हथियार से लैस थे।

जानकारी के अनुसार, पहले 3 अपराधी शोरूम में कस्टमर बनकर घुसे थे। इसके बाद तीन और अंदर गए। फिर सभी ने गन पॉइंट पर लूटपाट की। लूटपाट के दौरान बदमाशों ने शोरूम के कर्मचारी और ग्राहकों को ऊपर वाले फ्लोर पर बंधक बना लिया था। घटना पूर्णिया के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के डाकबंगला चौक स्थित तनिष्क शोरूम में हुई।

20 मिनट में अपराधी पूरी वारदात को अंजाम देकर निकल गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

तनिष्क शोरूम के स्टाफ विवेक कुमार ने बताया कि पहले 3 बदमाश कस्टमर बनकर शोरूम में दाखिल हुए। गहने खरीदने के बहाने उन्होंने स्टाफ को अपनी बातों में उलझाया। इसके बाद 3 और बदमाश अंदर घुसे। सभी के पास पिस्टल थी। शोरगुल करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्होंने सभी स्टाफ को गन पॉइंट पर ले लिया और फिर लूटपाट कर बाइक से भाग निकले। एक-एक बाइक पर 3-3 अपराधी बैठकर भाग निकले।

## धामी सरकार का बड़ा ऐलान: अब शहीदों के परिजनों को 10 की जगह देगी 50 लाख रुपए

**देहरादून । आरएनएस**

कारगिल विजय दिवस पर उत्तराखंड सरकार ने शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली सहायता राशि में बड़े बदलाव का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित समारोह में कहा कि सम्मान स्वरूप आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि ?10 लाख से बढक़र ?50 लाख कर दी गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल शहीदों की याद में आयोजित समारोह में बड़ा ऐलान किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों को मिलने वाली राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की है कि अब शहीदों के परिजन सरकारी नौकरी के लिए 2 साल नहीं, बल्कि 5 साल तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी दी। लिखा, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क, देहरादून स्थित शहीद स्मारक पर अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

इस दौरान शहीद आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि ?10 लाख से बढ़ाकर ?50 लाख करने, वीरगति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत सरकारी नौकरी के लिए आवेदन की अवधि दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने और शहीद आश्रितों हेतु जिलाधिकारी कार्यालय में पद न होने पर अन्य विभागों में नौकरी प्रदान करने के साथ ही सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों के समतुल्य अवकाश देने की घोषणा की।

हम सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में आरक्षण देने पर भी कार्य कर रही है, जल्द ही इस निर्णय को भी लागू किया जाएगा। बता दें, प्रदेश में कारगिल विजय दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। हरिद्वार के ऋषिकुल स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय के सभागार में शहीदों को नमन किया।

## बिहार के समस्तीपुर में अनोखा मेला, बच्चे-बूढ़े सभी के हाथों में दिखे सांप

**समस्तीपुर । आरएनएस**



बिहार के समस्तीपुर जिला मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया घाट पर नागपंचमी के दिन सांपों का अनोखा मेला लगता है। इस मेले में बच्चे से लेकर बूढ़े तक, जहरीले सांपों को गले में माला की तरह लपेटकर घूमते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह सांप तंत्र-मंत्र के जरिए नदी से निकाले जाते हैं और बाद में पूजा करने के बाद इन सांपों को फिर से जंगल में छोड़ दिया जाता है।

बताया जाता है कि नागपंचमी के दिन सांपों को पकडऩे की प्रथा के तहत, सिंघिया घाट का यह मेला तीन सौ सालों से ज्यादा वक्त से लग रहा है। यह परंपरा कई पीढिय़ों से चली आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार बरसों से चले आ रहे इस मेले में आज तक किसी को भी सांप ने नहीं डसा है। इस बार 9 अगस्त को नागपंचमी है। लेकिन, सांपों के साथ झूमते भक्त और भजन गाते लोग अभी से ही दिख रहे हैं।

मान्यता के अनुसार, इस दिन सांप नदी से निकलकर लोगों के बीच आता है। हैरानी की बात यह है कि सांप भक्तों को डसता नहीं है। इस मेले के दौरान पुजारी मृदंग बजाते हैं और भजन भी गाते हैं।

इस मेले की तैयारियां दो से तीन महीने पहले ही शुरू हो जाती है। नागपंचमी के दिन स्थानीय लोग हजारों की संख्या में झुंड बनाकर नदी किनारे झोला या बोरा में सांपों को लेकर जाते हैं। इस दौरान भगत डुबकी लगाकर सांपों को नदी से निकालकर दिखाता है। इस दौरान कानून व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन भी मौजूद रहता है।

विभूतिपुर प्रखंड के अंतर्गत ही एक बेलसंडी तारा गांव है, जहां सांपों को पकडक़र पूजा की जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां पहले सिर्फ नाग पंचमी पर पूजा की जाती थी। लेकिन, भगत के करतब को देख यहां भी सांप पकडऩे का सिलसिला शुरू हो गया। यहां की रहने वाली एक महिला इंदु देवी दो वर्षों से सांपों के साथ पूजा करने लगी हैं। वह अपने गले में सांप को लपेटकर सैकड़ों झुंडों के साथ ढोल की धुन पर थिरकते नजर आती हैं।